## भाग-द ( हिन्दी )

171.निम्न में से अशुद्ध विपरीतार्थ समूह है-
(1) पक्ष-प्रतिपक्ष (2) आस्तिक-नास्तिक
(3) स्वर्ग-नरक (4) सामिष-शाकाहारी (4)

172.पर्वत, रत्न विशेष, सूर्य, सर्प, वृक्ष किस अनेकार्थी के अर्थ हैं-
(1) गिरि (2) नग
(3) भास्कर (4) सारंग (2)

173.शुद्ध वाक्यांश बोधक शब्द नहीं है-
(1) जो जीता न जा सके : अजय
(2) आकाश में उड़ने वाला : खग
(3) गोद लिया हुआ : दत्तक
(4) जो गिरा हुआ हो : पतित (1)

174.'बुद्धिमान होने का गर्व' अर्थबोधक मुहावरा है-
(1) अक्ल का दुश्मन
(2) अक्ल पर पत्थर पड़ना
(3) अक्ल के घोड़े दौड़ाना
(4) अक्ल का पुतला (4)

175.''कबहुँ निरामिष होय न कागा''। लोकोक्ति का अर्थ है-
(1) दुष्टों की मित्रता शीघ्र समाप्त हो जाती है।
(2) दुष्ट अपनी दुष्टता नहीं छोड़ता।
(3) दुष्ट के साथ बुरा व्यवहार करना।
(4) कौए और दुष्ट सब जगह पाए जाते हैं। (2)

176.यण संधि को दर्शाने वाला विकल्प है-
(1) शीतर्तु (2) षडानन
(3) गुर्वाज्ञा (4) महौदाय (3)

177.निम्नलिखित में से कौनसा संधि विच्छेद सही नहीं है-
(1) अभि + सेक (2) राम + अयन
(3) वि + सम (4) नि + चय (4)

178.'क्रीड़ाक्षेत्र' शब्द का सही समास विग्रह है-
(1) क्रीड़ा के लिए क्षेत्र (2) क्रीड़ा और क्षेत्र का समूह
(3) क्रीड़ा और क्षेत्र (4) क्रीड़ा का क्षेत्र (1)

179.कर्मधारय समास को दर्शाने वाला विकल्प है-
(1) नीलकमल (2) त्रिभुवन
(3) आमरण (4) समाजद्रोही (1)

180.'नीचे, हीन और अभाव' को दर्शाने वाला उपसर्ग है-
(1) उप (2) अव
(3) प्रति (4) अभि (2)

181.विदेशी भाषा के उपसर्ग से बना शब्द है-
(1) पुरस्कार (2) भरपेट
(3) अधकच्चा (4) हररोज (4)

182. भाववाचक तद्धित प्रत्यय से बने शब्द को दर्शाने वाला विकल्प है-
(1) पनिहार (2) धनवान
(3) लालिमा (4) लकड़हारा (3)

183. 'अग्नि' को दर्शाने वाला शब्द नहीं है-
(1) पावक (2) चमू
(3) कृशानु (4) जातवेद (2)

184. कौनसा शब्द समूह 'कमल' का पर्यायवाची है-
(1) अम्भ, उदक, सलिल (2) विशिख, इषु, आशगु
(3) अवनि, क्षौणी, मेदिनी (4) नलिन, तामरस, शतदल (4)

185. विषाद शब्द का विपरीतार्थक शब्द है-
(1) मृदु (2) वरदान
(3) आह्लाद (4) स्तुति (3)

186. कौनसा विकल्प विलोम शब्दों को नहीं दर्शाता है-
(1) सम्मुख-विमुख (2) गरिमा-लघिमा
(3) संयोग-सुयोग (4) राग-विराग (3)

187. 'चिर-चीर' शब्द युग्मों को अर्थ होता है-
(1) पराकाष्ठा-चमड़ा (2) बहुत समय तक-वस्त्र
(3) सफेद-मुस्कान (4) युद्ध-काल (2)

188. जहाँ गंगा, यमुना बहती है, वह देश उपजाऊ है। वाक्य है
(1) साधारण वाक्य (2) संयुक्त वाक्य
(3) मिश्र वाक्य (4) निषेधवाचक वाक्य (3)

189. निम्न में से किस विकल्प के सभी शब्द शुद्ध हैं-
(1) प्रातः काल, अधोपतन (2) मूर्ती, रात्रि
(3) विदूषी, श्रीमती (4) वालमीकि, इकाई (3)

190. अशुद्ध वाक्य है-
(1) वृक्ष पर कौवा बोल रहा है।
(2) जया एक बुद्धिमान बालिका है।
(3) हाथी पर हौदा रख दो।
(4) कुख्यात आतंकवादी मारा गया। (2)

191. किसी वस्तु को पाने की उत्कट लालसा को दर्शाने वाला मुहावरा है-
(1) आँखों में गड़ना (2) आँखें चार होना
(3) आँखों में खून उतरना (4) आँखें खुलना (1)

192. "कोस-कोस पर बदले पानी, चार कोस पर -------।" किस भाषिक इकाई को स्पष्ट करता है?
(1) ध्वनि (2) भाषा
(3) बोली (4) लिपि (3)

193. निम्न में अशुद्ध आक्षरिक खण्ड है-
(1) क् + ष = क्ष (2) त् + र = त्र
(3) ग् + य = ज्ञ (4) श् + र = श्र (3)

194. तत्सम-तद्भव का अशुद्ध युग्म है-
(1) इक्षु-ईख (2) अज्ञानी-अनजाना
(3) एला-इलायची (4) दधि-दूध (4)

195. "उसने लड़ाई की है।" वाक्य में काल भेद है-
(1) सामान्य भूतकाल (2) आसन्न भूतकाल
(3) अपूर्ण भूतकाल (4) सामान्य वर्तमान काल (2)

196. निम्न में भाववाचक संज्ञा नहीं है-
(1) बचपन (2) बनारसी
(3) बैठक (4) एकता (2)

197. "सुधा दिन-रात पढ़ती है <u>ताकि</u> उसका प्रतियोगी परीक्षा में चयन हो जाए।" रेखांकित पद है-
(1) संबंध बोधक अव्यय
(2) उद्देश्य बोधक व्याधिकरण समुच्चय बोधक
(3) समानाधिकरण समुच्चय बोधक
(4) निपात (2)

198. 'गुरू जी आ रहे हैं।' वाक्य में 'वचन' प्रयोग है-
(1) एकवचन (2) बहुवचन
(3) एकवचन के स्थान पर बहुवचन
(4) बहुवचन के स्थान पर एकवचन (3)

199. स्त्रीबोधक प्रत्यय से निर्मित शब्द नहीं है-
(1) लेखिका (2) पड़ोसिन
(3) बहनोई (4) भवदीय (4)

200. निम्न में अशुद्ध पर्यायवाची समूह है-
(1) निशि, रजनी, यामिनी
(2) अमी, पीयूष, सुधा
(3) सुधांशु, हिमांशु, शशांक
(4) नीरज, वारिज, जलद (4)

171. इनमें से किस विकल्प में शब्द का अर्थ सही नहीं है?

(1) डीठ - दृष्टि (2) द्विप - हाथी

(3) निर्जर - देवता (4) पीक - कोयल (4)

172. 'मर जाने की इच्छा' के लिए उपयुक्त शब्द इनमें से कौनसा है?

(1) मुमुक्षु (2) मुमूर्षा

(3) बुभुक्षु (4) मरणासन्न (2)

173. 'जो अत्यंत कष्ट से निवारित किया जा सके' के लिए उपयुक्त शब्द इनमें से कौन सा है?

(1) अनिवार्य (2) दुर्निवार

(3) निवार्य (4) अप्रतिम (2)

174. हिन्दी वाक्य रचना में स्वीकृत पद क्रम इनमें से कौन सा है?

(1) कर्ता, क्रिया, कर्म (2) कर्ता, कर्म, क्रिया

(3) कर्म, कर्ता, क्रिया (4) कर्म, क्रिया, कर्ता (2)

175. 'जब मैं जयपुर में था तब स्वयं खाना बनाता था।' इस वाक्य में किस प्रकार का आश्रित उपवाक्य है?

(1) क्रिया विशेषण उपवाक्य

(2) संज्ञा उपवाक्य

(3) संज्ञा एवं विशेषण उपवाक्य

(4) विशेषण उपवाक्य (1)

176. इनमें से मिश्र वाक्य कौन सा है?

(1) रमेश, दिनेश और करीम फुटबॉल खेल रहे हैं।

(2) रमेश आया, दिनेश गया और करीम पढ़ने बैठा।

(3) रमेश ने कहा कि वह गाँव जा रहा है।

(4) रमेश काम करता है परंतु उसे सफलता नहीं मिलती। (3)

177. इनमें से किस विकल्प के सभी शब्द शुद्ध हैं?

(1) युधिष्ठर, विपन्नवस्था, भ्रत्य

(2) अत्योक्ति, स्वावलम्बन, विरहणी

(3) गौरव, गत्यवरोध, परितोषिक

(4) अन्त्याक्षरी, अपराह्न, श्रृंगार (4)

178. इनमें से किस विकल्प के सभी शब्द शुद्ध हैं?

(1) माहात्म्य, सहस्र (2) गव्हर, आनन्द

(3) सदोपदेश, इप्सित (4) निश्कंटक, रविन्द्र (1)

179. इनमें से किस विकल्प के सभी शब्द शुद्ध हैं?
(1) तपस्वीनी, वांगमय (2) प्रज्वलित, क्रांन्ति
(3) स्वातन्त्र्य, उच्छृंखल (4) द्वन्द, अतिथि (3)

180. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य शुद्ध है?
(1) चिंता एक भयंकर व्याधि है।
(2) कोहिनूर एक अमूल्य हीरा है।
(3) राम अपने धुन में जा रहा था।
(4) मराठी की लिपि देवनागरी है। (2)

181. इनमें से कौन सा वाक्य अनावश्यक शब्द प्रयोग के कारण अशुद्ध है?
(1) वह सचिवालय कार्यालय में लिपिक है।
(2) रातभर गधे भौंकते रहे।
(3) मीरा एक प्रसिद्ध कवि थी।
(4) आज हवा ठण्डी चल रही है। (1)

182. 'सदाचारी के साथ बुरा बर्ताव करने' के संदर्भ में इनमें से कौन सी कहावत उपयुक्त है?
(1) नेकी कर दरिया में डाल
(2) नेकी और पूछ पूछ
(3) नेकी का बदला बदी
(4) नेवता बामन शत्रु बराबर (3)

183. 'धूर्त साधु का बुरा आचरण' के लिए इनमें से कौन सी कहावत उपुयक्त है?
(1) हाथ कौड़ी न बाजार लेखा
(2) हाथ सुमिरनी, बगल कतरनी
(3) हाथ कसीदा आसमान पर दीदा
(4) हाथ में खाना पात में लाना (2)

184. 'एक आँख से देखना' मुहावरे का अर्थ इनमें से कौन-सा है?
(1) काना होना (2) समान भाव रखना
(3) अधूरा उपकार करना (4) कपटा भरा व्यवहार करना (2)

185. 'पित्रुक्ति' शब्द में कौन सी संधि है?
(1) अयादि संधि (2) व्यंजन संधि
(3) यण संधि (4) गुण संधि (3)

186. इनमें से 'यण' संधि का उदाहरण नहीं है-
(1) महौदार्य (2) न्यून
(3) मात्रुपदेश (4) देव्यालय (1)

187. 'सच्चिदानन्द' शब्द में इनमें से कौन सी संधि है?
(1) व्यंजन, स्वर (2) व्यंजन, व्यंजन
(3) स्वर, व्यंजन (4) व्यंजन, विसर्ग (2)

188. इनमें से किस विकल्प में व्यंजन संधि का उदाहरण नहीं है?
(1) उल्लंघन (2) वागीश
(3) ज्योतिर्लिंग (4) संसार (3)

189. इनमें से किस विकल्प में कर्मधारय समास नहीं है?
(1) शुभागमन (2) गुरुदक्षिणा
(3) नीलोत्पल (4) चंद्रमुख (2)

190. 'प्रातोदक' में कौन सा समास है?
(1) द्विगु (2) कर्मधारय
(3) सम्प्रदान तत्पुरुष (4) कर्म तत्पुरुष (4)

191. इनमें से किस विकल्प में सभी शब्द अपादान तत्पुरुष समास के हैं?
(1) पदच्युत, देशनिकाला (2) पथ भ्रष्ट, विद्यालय
(3) दयार्द्र, अमचूर (4) वनवास, राजमाता (1)

192. 'अनु' उपसर्ग से बना हुआ शब्द कौन सा नहीं है?
(1) अन्वय (2) अनुकूल
(3) अनुर्वर (4) अनुज (3)

193. इनमें से किस शब्द में उपसर्ग का गलत प्रयोग हुआ है?
(1) अभीप्सा (2) अभ्यान्तर
(3) अभ्यर्थी (4) अभीष्ट (2)

194. इनमें से किस शब्द में विदेशी प्रत्यय का प्रयोग नहीं हुआ है?
(1) लुटेरा (2) थानेदार
(3) यादगार (4) तोपची (1)

195. इनमें से किस शब्द में मूल शब्द 'कृ' नहीं है?
(1) कर्ता (2) कर्तव्य
(3) कृष्ण (4) कार्य (3)

196. इनमें से किस विकल्प के सभी शब्द पर्यायवाची नहीं हैं?
(1) पटु, निपुण, दबंग (2) वक्र, तिर्यक, कुटिल
(3) मधुप, भृंग, अलि (4) जुन्हाई, चंद्रिका, ज्योत्सना (1)

197. इनमें से किस विकल्प के सभी शब्द 'मही' के पर्यायवाची नहीं हैं?
(1) अवनि, इला (2) अचला, भू
(3) शैलजा, मेदिनी (4) धरा, पृथ्वी (3)

198. इनमें से किस विकल्प में गलत विलोम शब्द है?
(1) अथ-इति (2) अपकार-उपकार
(3) उन्मूलन-रोपण (4) उचित-अनुचित (1)

199. इनमें से किस विकल्प में गलत विलोम शब्द है?
(1) सृष्टि-प्रलय (2) वृद्धि-ह्रास ह्र
(3) ह्रस्व-दीर्घ (4) पुष्ट-हृष्ट (4)

200. इनमें से किस विकल्प में शब्द का सही अर्थ नहीं है?
(1) कृषानु-किसान (2) कपिश-मटमैला
(3) कपि-बंदर (4) कृत्ति-मृगचर्म (1)